राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3,नरेगा)

क्रमांक एफ 1(16)ग्रावि/नरेगा/आईपीपीई/2014–15 जयपुर,दिनांक :– 20 APR 2015

जिला कलक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक ईजीएस
(समस्त जिले)

विषयः– **विशेष रोजगार दिवस** के अयोजन बाबत्।
सन्दर्भः– समसंख्यक पत्र दिनांक 26.03.2015

उपरोक्त विषयान्तर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के प्रभावी कियान्वयन के सम्बन्ध में प्रत्येक ग्राम पंचायत पर रोजगार दिवस प्रत्येक गुरूवार को आयोजित करने के निर्देश एफ 1 (2) ग्रावि/नरेगा/गाईड/2012–13 दिनांक 19.12.2013 के द्वारा दिए गए थे।

इस क्रम में अप्रैल माह में विशेष रोजगार शिविरों के आयोजन के लिए पत्र दिनांक 26.03. 2015 के द्वारा अप्रैल 2015 से जुलाई 2015 माह की मांग का आंकलन प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे। इन आदेशों की निरन्तरता में निम्न निर्देश भी जारी किए जाते है :–

1. विशेष रोजगार शिविरों को अप्रैल, मई 2015 के प्रत्येक गुरूवार को आयोजित किया जावे एवं शिविरों का समय स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार निर्धारित किया जावें।
2. शिविर में फार्म नं. 6 पर्याप्त मात्रा में रखे जावें तथा आवेदकों को प्राप्ति रसीद देने की व्यवस्था की जावे।
3. रोजगार की मांग प्राप्त होते ही रोजगार सहायक/कनिष्ठ लिपिक/ग्राम सचिव द्वारा नरेगा सॉफ्ट में इन्द्राज कराया जावे।
4. कार्यक्रम अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि समस्त ग्राम पंचायतों में रोजगार की मांग की तुलना में पर्याप्त मात्रा में कार्य स्वीकृत हैं।
5. शिविरों के आयोजन की जिला स्तर पर मॉनिटरिंग जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यकम समन्वयक अथवा अति0 जिला कार्यकम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा की जावेगी।
6. ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले इन शिविरों में प्राप्त रोजगार की मांग के आवेदकों की संख्या की सूचना इन शिविरों के आयोजन के उपरान्त प्रत्येक सोमवार की सांय 5.00 बजे तक ई–मेल **pdre_rdd@yahoo.com** पर संलग्न प्रपत्र में **Excel sheet** में जिला स्तर से भिजवाया जाना सुनिश्चित किया जावे।
7. इस कार्य हेतु राज्य स्तर पर तकनीकी प्रभारी श्री रविन्द्र सिंघानिया एमआईएस मैनेजर मोबाईल नं. 9314002360 होगें जो प्रत्येक सोमवार को सांय 6.00 बजे जिलों से प्राप्त रिर्पोटो का संकलन कर प्रस्तुत करेगें।

16/4/15

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

(रोहित कुमार)
आयुक्त, ईजीएस

प्रतिलिपिः—

1. अति0 जिला कार्यक्रम समन्वयक, महात्मा गांधी नरेगा सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, समस्त राजस्थान (जयपुर,बाडमेर को छोडकर)।
2. अति0 जिला कार्यकम समन्वयक, ईजीएस जिला जयपुर,बाडमेर।
3. अधिषाशी अभियन्ता (ईजीएस) समस्त।
4. समन्वयक (आई.ई.सी) मुख्यालय जयपुर के समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।

परियोजना निदेशक, एवं उपसचिव, ईजीएस

जिले का नामः–			विशेष रोजगार दिवस के दौरान प्राप्त मांग का विवरण						दिनांक		
क.सं.	पंचायत समिति का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	प्राप्त फार्म न. 6 (संख्या)	कुल प्राप्त मांग माह अप्रैल 2015 (संख्या)		कुल प्राप्त मांग माह मई 2015 (संख्या)		कुल प्राप्त मांग माह जून 2015 (संख्या)		कुल प्राप्त मांग माह जुलाई 2015 (संख्या)	
				प्रथम पखवाडा	द्वितीय प्रखवाडा	प्रथम पखवाडा	द्वितीय प्रखवाडा	प्रथम पखवाडा	द्वितीय प्रखवाडा	प्रथम पखवाडा	द्वितीय प्रखवाडा
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12